>

Title: Regarding land issue between Army and Administration in Annadale in Shimla.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र शिमला में स्थित अनाडेल मैदान को सेना से वापस दिलवाने के बारे में आकर्षित करना चाहता हूं। यह मैदान 25.2 एकड़ भूमि पर बना हुआ है। इसे वर्ष 1955 में प्रदेश सरकार ने सेना को मामूली लीज पर दिया था, जिसकी अवधि 31.1.1982 को समाप्त हो चुकी है। परन्तु कई प्रयासों के बावजूद भी सरकार यह भूमि सेना से वापस नहीं ले सकी है। हालांकि यह मैदान सेना के किसी काम नहीं आ रहा है सिवाए इस मैदान में सेना के कुछ अधिकारी इसके क्लब में खेलते हैं, गोल्फ खेलते हैं। जबकि यहां की जनता खासकर युवा वर्ग चाहता है कि यह मैदान आम जनता के खेल परिसर के रूप में प्रयोग किया जाये। इस संबंध में प्रदेश सरकार और रक्षा विभाग के अधिकारियों के बीच वार्ता होने के बावजूद भी कोई नतीजा सामने नहीं आया है। यहां तक कि इसके एवज में प्रदेश सरकार ने शिमला के आस-पास लगभग 240 बीघा जमीन भी दिए जाने की बात रखी थी, परन्तु फिर भी सेना यह जमीन प्रदेश सरकार को वापस नहीं कर रही है।

अभी हाल ही में वहां के हजारों नौजवानों व विद्यार्थियों ने प्रदेश सरकार से इस मैदान को तुरन्त वापस लेने व वहां पर खेल स्टेडियम और बहु-उद्देशीय खेल परिसर बनाने की मांग की है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि उक्त मैदान को तुरन्त सेना से वापस दिलाया जाये और सेना को किसी दूसरे स्थान पर भूमि दी जाये। आपने मुझे इस अहम मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदया : श्री पी.एल.पुनिया अपने आपको श्री वीरेन्द्र कश्यप के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।